www.prepp.in

Prepp Your Personal Exams Guide



**प्रश्न सं. 1-9 :**

निम्नांकित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और तदनुसार पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

देवदारु है शानदार वृक्ष । हवा के झोंकों से जब हिलता है, तो इसका आभिजात्य झूम उठता है । कालिदास ने इसी हिमालय के उस भाग की, जहाँ से भागीरथी के निर्झर झरते रहते हैं, शीतल-मंद-सुगंध-पवन की चर्चा की थी, उन्होंने शीतलता को भागीरथी के निर्झर-सीकरों की देन कहा, सुगंधि को आस-पास के वृक्षों के पुष्पों के संपर्क की बदौलत घोषित किया, लेकिन मस्ती के लिए मुहुः कंपित देवदारु को उत्तरदायी ठहराया । देवदारु के बारंबार कंपित होते रहने में एक प्रकार की मस्ती अवश्य है । युग-युगांत की संचित अनुभूति ने ही मानो यह मस्ती प्रदान की है । ज़माना बदलता रहा है, अनेक वृक्षों और लताओं ने वातावरण से समझौता किया है, कितने ही मैदान में जा बसे हैं, लेकिन देवदारु है कि नीचे नहीं उतरा, समझौते के रास्ते नहीं गया और अपनी खानदानी चाल नहीं छोड़ी । झूमता है, तो ऐसा मुस्कुराता हुआ, मानो कह रहा हो, मैं सब जानता हूँ, सब समझता हूँ ।

1. 'समझौता' का सही अर्थ है
   (a) आपस का करार (b) आपस का रिश्ता (c) आपस में जुड़ना (d) इनमें से कोई नहीं

2. 'युग-युगांत की संचित अनुभूति' से आशय है
   (a) भोगा हुआ सच (b) परम्परा से पाया ज्ञान
   (c) कालक्रमानुसार प्राप्त ज्ञान (d) सदियों से एकत्र अनुभव

3. 'शानदार' का अर्थ नहीं है
   (a) मान-मर्यादा (b) ठाट-बाट वाला (c) भव्य (d) अदिव्य

4. 'खानदानी' शब्द का सही अर्थ है
   (a) जीवनशैली (b) वंशज (c) पुश्तैनी (d) सामाजिक स्तर

5. शीतल-मंद-सुगन्ध-पवन के लिए उपयुक्त शब्द है
   (a) समीरण (b) प्रभंजन (c) पवमान (d) त्रिविधवायु

6. उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक होगा –
   (a) प्राकृतिक सौन्दर्य (b) देवदारु का महत्त्व
   (c) देवदारु और आभिजात्य (d) हिमालय और देवदारु

7. 'मुहुः कंपित' का सही अर्थ है
   (a) काँपना (b) थरथराना
   (c) बार-बार काँपने वाला (d) हलके से काँपना

8. 'निर्झर-सीकर' का अर्थ है
   (a) झरने का बहना (b) झरने की फुहार (c) जलकण (d) जल की बूँदें

9. निम्नलिखित शब्दों में से 'आभिजात्य' का अर्थ किस शब्द में समाहित नहीं है ?
   (a) उच्चकुलोत्पन्न (b) कुलीनता (c) स्वाभिमानी (d) पांडित्य

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

10. भाषा की सबसे छोटी इकाई क्या होती है ?
(a) वाक्य (b) शब्द (c) पद (d) वर्ण

11. निम्नांकित में से कौन सी ध्वनि नासिक्य व्यंजन है ?
(a) त (b) म (c) स (d) क

12. निम्नलिखित में से अल्पप्राण वर्णों का समूह नहीं है :
(a) ग, च, त, न, म (b) ख, झ, ठ, थ, ध (c) ज, ट, ण, ब, ल (d) क, त, प, य, व

13. निम्नलिखित में से कौन सा वर्ण संयुक्त स्वर नहीं है ?
(a) ओ (b) औ (c) इ (d) ए

14. बोलते समय मुख के कितने उच्चारण स्थानों का प्रयोग किया जाता है ?
(a) चार (b) पाँच (c) छः (d) तीन

15. निम्नलिखित में से अन्तस्थ व्यंजन कौन से हैं ?
(a) क्ष, त्र, ज्ञ (b) श, ष, स, ह (c) य, र, ल, व (d) ट, ठ, ड, ढ

16. निम्नलिखित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द कौन सा है ?
(a) आधीन (b) शांती (c) अराध्य (d) उन्नीस

17. निम्नलिखित में से किस शब्द का वर्तनी-विश्लेषण अशुद्ध है ?
(a) सांसारिक – स् + आ + ं + स् + आ + र् + इ + क् + अ
(b) संजय – स् + अ + न् + ज् + अ + य् + अ
(c) हँसी – ह् + अ + ँ + स् + ई
(d) बंधन – ब् + अ + न् + ध् + अ + न् + अ

18. 'ज्ञान' शब्द का शुद्ध वर्तनी-विश्लेषण है
(a) ज् + ञ् + आ + न् + अ (b) ग् + य् + आ + न् + अ
(c) ग् + अ + य् + आ + न (d) ज्ञ + आ + न + अ

19. निम्नलिखित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :
(a) अनुग्रह (b) द्रष्टा (c) संगृहीत (d) भ्रग

20. निम्नलिखित में से तालव्य व्यंजन कौन से हैं ?
(a) क, ख, ग, घ (b) च, छ, ज, झ (c) ट, ठ, ड, ढ (d) प, फ, ब, भ

21. उच्चारण स्थान के आधार पर 'ध' व्यंजन किस प्रकार का है ?
(a) दंत्य (b) वर्त्स्य (c) तालव्य (d) मूर्धन्य

22. निम्न में से हिंदी की 'ड़' और 'ढ़' व्यंजन ध्वनियाँ किस प्रकार की हैं ?
(a) संघर्षी (b) पार्श्विक (c) उत्क्षिप्त (d) लुंठित

23. निम्न में अघोष वर्ण नहीं है :
(a) द (b) फ (c) ख (d) थ

24. 'गुरु' शब्द का सही स्त्रीलिंग है :
(a) गुरूनी (b) गुरी (c) गुरुइन (d) गुरुआइन

25. निम्नलिखित में से वर्तनी की दृष्टि से शुद्ध वाक्य चुनिए :
(a) आपको अनेकों बार चेतावनी दी गई। (b) मेरे तो प्राण ही सूख गए।
(c) वहाँ बहुत से साधु सन्यासी इकट्ठा हुए। (d) इस बात में सौन्दर्यता नहीं है।

26. निम्नलिखित में से 'निस्सीम' शब्द में कौन सा उपसर्ग है ?
(a) नि (b) निः (c) निश् (d) निर्

27. निम्नलिखित में से किस शब्द में उपसर्ग का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(a) अधुना (b) अधीक्षक (c) अधिपति (d) अधिकार

28. निम्नलिखित में से कौन सा उपसर्ग तत्सम नहीं है ?
(a) अति (b) अनु (c) औ (d) अव

29. निम्नलिखित शब्दों में से किसमें एक ही उपसर्ग प्रयुक्त हुआ है ?
(a) अप्रत्यक्ष (b) स्वागत (c) परिसंवाद (d) अपमान

30. निम्नलिखित में से किस शब्द में उर्दू का उपसर्ग जुड़ा है ?
(a) लाचार (b) आकार (c) पराजय (d) दुकाल

31. निम्नांकित में से भाववाचक संज्ञा बनाने वाला तद्धित प्रत्यय युक्त शब्द कौन सा है ?
(a) छलावा (b) पौरुष (c) उड़ान (d) मीमांसा

32. निम्नलिखित में से तद्धित प्रत्यय का उदाहरण है :
(a) हलवाहा (b) लुटेरा (c) बोलना (d) तैराक

33. निम्नलिखित में से कृदन्त प्रत्यय वाला शब्द है :
(a) जोड़ा (b) भलाई (c) हथेली (d) लिखाई

34. निम्नांकित में से अशुद्ध वर्तनी वाला शब्द है :
(a) चालाक (b) अंचलिक (c) साहित्य (d) विद्यालय

35. 'प्राधिकृत' का शुद्ध वर्तनी-विश्लेषण है
(a) प् + र् + आ + ध् + इ + क् + ऋ + त् + अ
(b) प् + आ + र् + आ + ध् + इ + क् + र् + अ + त् + अ
(c) प् + र + आ + ध + इ + क् + रि + त् + अ
(d) प् + र् + आ + ध् + इ + कृ + अ + त् + अ

36. निम्नांकित में से कौन से शब्द की वर्तनी अशुद्ध है ?
(a) समाचार (b) सुशोभित (c) अत्याधिक (d) आमरण

37. निम्नांकित में से शुद्ध वर्तनी वाला शब्द चुनिए :
(a) शिक्षणेत्तर (b) उपरोक्त (c) अर्कमण्य (d) अधीन

**38.** निम्नलिखित शब्दों में से एक शब्द में व्यंजन सन्धि नहीं है :

(a) दिग्गज (b) उन्नति (c) उल्लास (d) नयन

**39.** निम्नांकित में से किस शब्द में 'गुण सन्धि' नहीं है ?

(a) यद्यपि (b) गणेश (c) परोपकार (d) ब्रह्मर्षि

**40.** 'निर्विकार' शब्द में कौन सी सन्धि है ?

(a) स्वर सन्धि (b) विसर्ग सन्धि (c) व्यंजन सन्धि (d) इनमें से कोई नहीं

**41.** किस समास में दोनों पद मिलकर नया अर्थ प्रकट करते हैं ?

(a) द्वन्द्व समास (b) अव्ययीभाव समास (c) तत्पुरुष समास (d) बहुव्रीहि समास

**42.** 'त्रिफला' में कौन सा समास है ?

(a) अव्ययीभाव (b) कर्मधारय (c) द्विगु (d) तत्पुरुष

**43.** 'शरणागत' में तत्पुरुष समास का कौन सा रूप है ?

(a) सम्प्रदान तत्पुरुष (b) अपादान तत्पुरुष (c) अधिकरण तत्पुरुष (d) करण तत्पुरुष

**44.** 'प्रतिक्षण' में कौन सा समास है ?

(a) कर्मधारय (b) तत्पुरुष (c) बहुव्रीहि (d) अव्ययीभाव

**45.** निम्नलिखित शब्दों में से किस शब्द में कर्मधारय समास है ?

(a) यथाविधि (b) मृगशावक (c) पीताम्बर (d) दोपहर

**46.** निम्नलिखित शब्दों में तद्भव शब्द है :

(a) निद्रा (b) स्वप्न (c) शक्कर (d) उद्गम

**47.** हिन्दी में आये निम्नलिखित शब्दों में से किसके सही भाषायी मूल का उल्लेख नहीं है ?

(a) भद्रलोक – बांग्ला (b) सूप – पंजाबी

(c) सीताफल – मराठी (d) गल्प – असमिया

**48.** निम्नलिखित में से 'सँड़सी' का तत्सम शब्द है :

(a) संदर्शिका (b) संशिका (c) शलाका (d) शृंखला

**49.** निम्नलिखित में से तद्धित प्रत्यय का उदाहरण नहीं है :

(a) जहरीला (b) पंडिताऊ (c) भुलक्कड़ (d) सुनार

**50.** निम्नांकित में से किस शब्द में विदेशी प्रत्यय का प्रयोग नहीं हुआ है ?

(a) सौदागर (b) कोतवाल (c) इत्रदान (d) खौफनाक

**51.** किस सन्धि में 'अ' के बाद 'ए' अथवा 'ऐ' आने पर 'ऐ' होता है ?

(a) दीर्घ सन्धि (b) गुण सन्धि (c) वृद्धि सन्धि (d) यण सन्धि

**52.** 'उच्चारण' का सन्धि-विच्छेद होगा :

(a) उत् + चारण (b) उच् + चारण (c) उत + चारण (d) उच्चा + रण

53. 'किसी ने पत्थर मार दिया' – रेखांकित पद में कौन सा सर्वनाम है ?
(a) पुरुषवाचक (b) निश्चयवाचक (c) अनिश्चयवाचक (d) प्रश्नवाचक

54. 'मोहन गीदड़ है' – वाक्य में 'गीदड़' शब्द शब्द-शक्ति की दृष्टि से किस प्रकार का है ?
(a) लक्षक (b) व्यंजक (c) वाचक (d) इनमें से कोई नहीं

55. 'महावीर' शब्द है
(a) रूढ़ (b) देशज (c) योगरूढ़ (d) विदेशी

56. निम्नलिखित में से भाववाचक संज्ञा किस शब्द में है ?
(a) हिमालय (b) साइकिल (c) मानवता (d) पुलिस

57. 'लताओं के समूह' के लिए कौन सा शब्द प्रयुक्त होता है ?
(a) गुच्छा (b) झुंड (c) पुंज (d) कुंज

58. इनमें से 'अतल' शब्द का समध्वनीय भिन्नार्थक है :
(a) तल (b) अतुल (c) तलातल (d) वितल

59. व्याकरण के आधार पर 'अच्छा' शब्द किस कोटि का है ?
(a) विकारी (b) अविकारी (c) ऊनार्थक (d) ध्वन्यात्मक

60. निम्नलिखित में से कौन सा युग्म गलत है ?
(a) जो बुद्धि के द्वारा जाना जा सके – बोधगम्य (b) मनुष्य जाति से परे – मानवेतर
(c) व्यर्थ खर्च करने वाला – अपव्ययी (d) जो किसी नियम का पालन न करे – अपराधी

61. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प गलत है ?
(a) अंश – भाग (b) अविज्ञ – अभिज्ञ (c) अमीत - मित्रहीन (d) कुपथ - कुमार्ग

62. निम्नलिखित में से स्थानवाचक क्रिया-विशेषण का उदाहरण है :
(a) अकस्मात् (b) बाहर (c) लगभग (d) प्रतिवर्ष

63. भाववाचक संज्ञा बनाने के लिए किस संज्ञा शब्द में 'त्व' प्रत्यय नहीं लगाया जाएगा ?
(a) चुम्बक (b) व्यक्ति (c) शिव (d) मानव

64. 'घोटाला' किस प्रकार का शब्द है ?
(a) तत्सम (b) तद्भव (c) विदेशी (d) देशज

65. 'डाकघर' शब्द है
(a) तत्सम (b) तद्भव (c) देशज (d) संकर

66. निम्नांकित में से अर्थ की दृष्टि से भिन्न कोटि का शब्द चुनिए :
(a) स्मरण (b) अध्ययन (c) चिंतन मनन (d) अनुशीलन

67. 'कार में पाँच लीटर पेट्रोल डलवा लेना' – रेखांकित पद में कौन सा विशेषण है ?
(a) गुणवाचक (b) संख्यावाचक (c) सार्वनामिक (d) परिमाणवाचक

www.prepp.in

68. श्रीकृष्ण के अनेक गुणों का _______ कवि ने अपनी इस कविता में किया है' – इस वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द चुनें ।
(a) ध्यान (b) चिन्तन (c) वर्णन (d) मनन

69. 'इस गीत की दो-चार _______ सुना दो' – इस वाक्य के रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द चुनिए ।
(a) कड़ियाँ (b) लड़ियाँ (c) मात्राएँ (d) रचनाएँ

70. 'उस वीर में अपार सहनशक्ति है, उसे _______ कहना उचित है – वाक्य में रिक्त स्थान के लिए सही शब्द है –
(a) असहिष्णु (b) अधैर्यशाली (c) बलशाली (d) सहिष्णु

71. जो गरीबों की सहायता करते हैं, वे धर्मात्मा होते हैं' – यह वाक्य किस प्रकार का है ?
(a) सरल वाक्य (b) संयुक्त वाक्य (c) मिश्र वाक्य (d) निषेधमूलक वाक्य

72. 'अरे ! यह क्या किया ?' – वाक्य अर्थ की दृष्टि से है –
(a) संदेहसूचक (b) निषेधसूचक (c) प्रश्नसूचक (d) विस्मयसूचक

73. 'शायद वर्षा हो' – अर्थ के आधार पर वाक्य भेद है –
(a) विधानवाचक (b) संदेहवाचक (c) विस्मयवाचक (d) प्रश्नवाचक

74. निम्नलिखित में से संयुक्त वाक्य पहचानिए :
(a) मोहन धीरे-धीरे पुस्तक पढ़ता है ।
(b) मोहन को चश्मा लगवा दो, ताकि वह शीघ्र पढ़ सके ।
(c) मोहन ने चश्मा लगाया और पुस्तक पढ़ी ।
(d) मोहन चश्मा लगाकर पुस्तक पढ़ता है ।

75. 'हमारे जवानों को देखकर दुश्मन भाग गए' – यह किस प्रकार का वाक्य है ?
(a) सरल (b) संयुक्त (c) मिश्र (d) विस्मयादिबोधक

76. निम्नलिखित में से 'विध्यर्थक' वाक्य चुनिए :
(a) बालकों को माता-पिता का कहना मानना चाहिए ।
(b) यदि वह आता तो मैं घूमने जाता ।
(c) मैंने स्नान नहीं किया ।
(d) कहाँ जाते हो ?

77. किसी के उपनाम, लेख, कविता, पुस्तक के शीर्षक आदि को उद्धृत करते समय किस विराम-चिह्न का प्रयोग किया जाता है ?
(a) योजक चिह्न (b) कोष्ठक चिह्न (c) विवरण चिह्न (d) उद्धरण चिह्न

78. निम्नांकित में से किस शब्द का प्रयोग सदैव बहुवचन में किया जाता है ?
(a) पुस्तक (b) कपड़ा (c) प्राण (d) मेज

79. 'साहित्य और जीवन का _______ सम्बन्ध है' – इस वाक्य के रिक्त स्थान में उपयुक्त शब्द क्या होगा ?
(a) अपार (b) घनिष्ठ (c) घोर (d) शक्तिशाली

80. 'एक या एक से अधिक अक्षरों के _______ योग को शब्द कहते हैं – में रिक्त स्थान के लिए उपयुक्त शब्द चुनें ।
(a) संयुक्त (b) मिश्रित (c) समन्वित (d) सार्थक

www.prepp.in
Prepp
Your Personal Exams Guide

**81.** निम्नलिखित में से शुद्ध वाक्य है :

(a) राजनीति में लोग एक-दूसरे को परस्पर संदेह की दृष्टि से देखते हैं ।

(b) राजनीति में लोग एक-दूसरे को संदेह की दृष्टि से देखते हैं ।

(c) परस्पर राजनीति में लोग एक-दूसरे को संदेह करते हैं ।

(d) राजनीति में परस्पर लोग संदेह की दृष्टि रखते हैं ।

**82.** निम्नलिखित में से गलत शब्द-युग्म चुनिए :

(a) श्रव्य – दृश्य (b) संक्षेपण – विस्तारण (c) सात्त्विक – तामसिक (d) नित्य - नवीन

**83.** निम्नलिखित में से कौन सा शब्द अशुद्ध है ?

(a) बुद्धिमत्ता (b) महत्ता (c) चातुर्यता (d) योगिराज

**84.** निम्नलिखित में से शुद्ध शब्द है :

(a) लब्धप्रतिष्ठित (b) कृशांगिनी (c) एतिहासिकता (d) वृहत्तर

**85.** निम्नलिखित शब्द-युग्मों में से कौन सा युग्म समानार्थी नहीं है ?

(a) आलि – सखि (b) शोणित – रक्त (c) वसुधा – वसुन्धरा (d) व्यय – अपव्यय

**86.** निम्नांकित में से एक शब्द 'पत्र' के लिए प्रयुक्त नहीं होता :

(a) पत्ता (b) चिट्ठी (c) पर्ण (d) पत्तन

**87.** 'अक्ल के पीछे लट्ठ लिए फिरना' मुहावरे का अर्थ है

(a) लाठी लेकर अक्ल को ढूँढ़ना (b) मूर्खता का काम करना

(c) अक्ल के पीछे भागना (d) अक्लमंदी का काम करना

**88.** निम्नलिखित वाक्यों में से वचन-सम्बन्धी अशुद्ध वाक्य का चयन कीजिए :

(a) वे प्रतिदिन आपस में परस्पर लड़ती हैं । (b) शीघ्र चलो कि ट्रेन छूट जाएगी ।

(c) मैदान में पाँच बकरी चर रही है । (d) अंजलि छत पर कपड़े सुखा रही है ।

**89.** निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

(a) बच्चे उधम मचा रहे हैं । (b) भट्ठी में ईंधन नहीं था ।

(c) वाल्मीकी ने रामायण रचना की । (d) गुरुजी से आशीर्वाद लो ।

**90.** निम्नलिखित में से कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?

(a) झूठ बोलना पाप है । (b) बेटों में युद्ध हो गया,

(c) लड़के उत्पात मचा रहे थे । (d) साधु ने उसको शाप दिया ।

**91.** निम्नलिखित में से सही वाक्य-प्रयोग है :

(a) उसका गुस्सा उबल रहा था । (b) मुझ पर पैसे नहीं हैं ।

(c) कल शाम मूसलाधार वर्षा हुई । (d) अपराधी दण्ड देने योग्य है ।

www.prepp.in

Prepp
Your Personal Exams Guide

92. निम्नलिखित में लोकोक्ति है :
(a) अगर-मगर करना
(b) गर्दन पर छुरी फेरना
(c) छाती पर पत्थर रखना
(d) नौ नकद न तेरह उधार

93. 'घड़ी में तोला, घड़ी में माशा' लोकोक्ति का क्या अर्थ है ?
(a) डंडी मारने में कुशल व्यापारी
(b) ऐसा व्यापार जिसमें एक पल मुनाफा हो, दूसरे पल नुकसान
(c) बहुत ही नाज़ुक मिजाज
(d) अनिश्चित स्वभाव का व्यक्ति

94. 'अपनी-अपनी ढपली, अपना-अपना राग' का सही अर्थ है
(a) उत्साहित होकर ढपली बजाना
(b) समारोह आयोजित करना
(c) हर आदमी अपनी ही बात मनवाना या उसकी पुष्टि कराना चाहता है।
(d) गीत-संगीत

95. 'नाच न जाने, आँगन टेढ़ा' लोकोक्ति का तात्पर्य है
(a) अपना दोष छिपाने के लिए औरों में कमी दिखाना
(b) अपनी कमी ढूँढ़ना
(c) काम की तलाश करना
(d) टेढ़े-मेढ़े आँगन में नाचना

96. 'अपनी करनी, पार उतरनी' का अर्थ है
(a) दूसरे के कर्म का फल स्वयं भुगतना।
(b) अपने कर्मों से ही फल मिलता है।
(c) कर्म का फल अवश्य मिलता है।
(d) एकमत होकर काम करना।

97. 'गाँठ बाँधना' मुहावरे का अर्थ है
(a) संग्रह करना
(b) डींग हाँकना
(c) अच्छी तरह याद रखना
(d) समेटना

98. निम्नलिखित में से कौन सा वाक्यांश मुहावरा नहीं है ?
(a) लाल-पीला होना
(b) पीला मुँह करना
(c) सब्ज़ बाग दिखाना
(d) हरा-हरा ही सूझना

99. 'एक आँख से देखना' मुहावरे का अर्थ है
(a) समान दृष्टि से देखना
(b) कम देखना
(c) उपेक्षा करना
(d) अनदेखा करना

100. बहुत ज्यादा रोने के लिए समुपयुक्त मुहावरा है
(a) टेसू बहाना
(b) आठ-आठ आँसू रोना
(c) गला भर जाना
(d) मगरमच्छी आँसू बहाना